दिनांक 15.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान के लक्ष्य समाधान शिविर में बांटे गये बीपीएल राशन कार्ड, मजदुर कार्ड, प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण–पत्र इत्यादि

भिलाईनगर/लोक सुराज अभियान जोन 04 के मंगल बाजार में वार्ड 28 श्रमिक बस्ती छावनी में आयोजित किया गया। श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण सुबह से ही आवेदकगण उपस्थित हो गये थे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जब तक आवेदकगण उपस्थित रहते हैं तब तक फार्म वितरण कर कार्यवाही की जा रीह है। शिविर में सभापति एवं जोन अध्यक्ष पी0 श्याम सुन्दर राव, वार्ड पार्षद तुलसी पटेल, जोन आयुक्त संजय शर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी सुभाष सिंह ठाकुर, अधिकारी आर0के0 पदमवार, एस0पी0 साहू, बसंत साहू, द्वारा शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत बालाजी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा प्रशिक्षित इलेक्ट्रिशियन ट्रेड के 12 प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त उद्यमी, घरेलु उपयोग के कार्य बिजली कार्य लोगों से आर्डर प्राप्त होने पर घर–घर जाकर सेवाएं देंगे। नर्सिंग कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त 10 महिला प्रतिभागी को प्रमाण–पत्र देकर प्लेसमेंट की सुविधा प्रदान की गई। जांच के दौरान सहीं पाये गये 14 हितग्राहियों को बीपीएल राशन कार्ड प्रदान किया गया।

शासन की जनकल्याणकारी योजना सभी के घर में विद्युत का कनेक्शन प्राप्त लाईट हो के तहत् लाभान्वित सौभाग्य योजना अभियान का 14 हितग्राहियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर बिजली कनेक्शन प्रदान किया गया। 03 हितग्राही को मजदुर कार्ड, 01 हितग्राही को सिलाई मशीन का चेक प्रदान किया गया। आयुक्त के0एल0 चौहान के निर्देश पर लोक सुराज अभियान लक्ष्य समाधान शिविर में आधार कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है आज शिविर के दौरान 30 हितग्राहियों का आधार कार्ड पंजीयन किया गया।

जनसम्पर्क विभाग